समाचार विज्ञपति

यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ लड़ाई में लिटल वॉरियर्स को सशक्त बनाना

27 मई, 2024 मीडिया पूछताछ

अल्बर्टा सरकार यौन हिंसा से बचे बच्चों और युवाओं की उपचारात्मक सहायता के लिए अगले तीन वर्षों में लिटल वॉरियर्स (Little Warriors) को $5 मिलियन प्रदान कर रही है।

किसी भी बच्चे या युवा को कभी भी यौन हिंसा के आघातकारी और आजीवन प्रभावों से नहीं जूझना चाहिए। वास्तविकता यह है कि अल्बर्टा के हर तीन में से एक नागरिक ने 18 वर्ष से कम आयु में यौन दुर्व्यवहार का अनुभव किया है, जिसमें 44 प्रतिशत लड़कियां और 24 प्रतिशत लड़के शामिल हैं। इन अनुभवों के परिणामस्वरूप कई प्रकार के नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिनमें गुस्सा, अवसाद, चिंता, आत्म-क्षति और PTSD शामिल हैं, तथा ये वयस्कता में भी व्यसन, मानसिक बीमारी और आत्महत्या के रूप में जारी रहते हैं।

अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करके कि अधिकाधिक बच्चे, युवा और परिवार इसके आघात-सूचित, साक्ष्य-आधारित उपचार कार्यक्रमों तक पहुंच सकें, लिटिल वॉरियर्स को समर्थन देने में गर्व महसूस करती है। इस निवेश के माध्यम से, बचे हुए युवा लोग (survivors) अपनी मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक तंदुरुस्ती पर ध्यान दे सकेंगे, ताकि वे स्वस्थ हो सकें और उन्नति कर सकें।

“यह परेशान करने वाली बात है कि कोई भी बच्चा यौन दुर्व्यवहार का अनुभव करता है, लेकिन इसे उनके शेष जीवन को परिभाषित नहीं करना चाहिए। मैं लिटिल वॉरियर्स और अल्बर्टा के बचे हुए युवा लोगों (survivors) को उनके आघात से उबरने और अपना आत्मसम्मान वापस पाने में मदद करने के उनके साहसी प्रयासों के लिए बहुत आभारी हूं।”

वर्गीकरण: सार्वजनिक

सरल टर्टन, बाल एवं परिवार सेवा मंत्री

शेरवुड पार्क क्षेत्र में लिटिल वॉरियर्स की बी ब्रेव रैंच (Be Brave Ranch) देश में अपनी तरह का पहला और एकमात्र उपचार केंद्र है। यह सुविधा कैंप शिविर जैसी सेटिंग के माध्यम से कई गतिविधियों की पेशकश करती है, जिसमें समूह और व्यक्तिगत चिकित्सा, प्रकृति में सैर करना, शारीरिक गतिविधि, कला, संवेदी और पशु चिकित्सा, के साथ दैनिक चेतन गतिविधियाँ शामिल हैं। जब बचे हुए लोग पहली बार वहां पहुंचते हैं, तो उन्हें एक हस्तनिर्मित रजाई चुनने को मिलती है, जिस पर अक्सर उसे बनाने वाले व्यक्ति के प्रोत्साहन भरे नोट अंकित होते हैं। प्रोग्राम में से हाल ही में ग्रेजुएट हुए छात्र नए क्लाइंटों को पत्र भी लिखते हैं - यह विचार बच्चों और युवाओं में स्वयं उत्पन्न हुआ है। अन्य गतिविधियां - जैसे वॉरियर स्टिकस पर काम करना - बचे हुए लोगों को अपनी आवाज खोजने में मदद करने, तथा उन्हें सुना गया और सशक्त महसूस कराने के लिए तैयार की गई हैं।

लिटिल वॉरियर्स शैक्षणिक पहलें भी प्रदान करता है, जिसमें बच्चों और युवाओं को सीमाओं, सहमति और आत्म-देखभाल के बारे में सीखने में मदद करने के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम शामिल हैं, साथ ही प्रीवेंट इट! (Prevent It!) वर्कशॉपें भी हैं जिनका उद्देश्य वयस्कों को बाल यौन दुर्व्यवहार को रोकने और उसका जवाब देने में मदद करना है। यह संगठन आमतौर पर बाल एवं युवा यौन दुर्व्यवहार से बचे लोगों के लिए सर्वोत्तम समर्थनों पर अनुसंधान पर प्रति वर्ष $100,000 खर्च करता है तथा अब तक नौ शोध पत्र प्रकाशित कर चुका है।

महत्वपूर्ण तथ्य

- अल्बर्टा की सरकार तीन वर्षों में यौन उत्पीड़न केंद्रों को अतिरिक्त $10 मिलियन प्रदान कर रही है, जिसमें 2024-25 में $3 मिलियन शामिल हैं।
- अल्बर्टा आठ बाल समर्थन केंद्रों को हर साल लगभग $3.4 मिलियन भी प्रदान करता है, जो ऐसे अतिसंवेदनशील बच्चों और युवाओं को सहायता प्रदान करते हैं, जिन्होंने यौन हिंसा सहित सभी प्रकार के दुर्व्यवहार का सामना किया है।

संबंधित जानकारी

- बाल दुर्व्यवहार, उपेक्षा और यौन शोषण क्या है
- बाल दुर्व्यवहार, उपेक्षा और यौन शोषण के लिए सहायता प्राप्त करें
- बाल दुर्व्यवहार, उपेक्षा और यौन शोषण की सहायता कैसे करें और रिपोर्ट कैसे करें

संबंधित समाचार

- यौन हिंसा से बचे लोगों के लिए समर्थन को मजबूत करना | alberta.ca (30 अप्रैल, 2024)
- अपराध के पीड़ितों को न्याय प्रणाली में से नैवीगेट करने में मदद करना | alberta.ca (5 अप्रैल, 2024)

मल्टीमीडिया

- न्यूज़ कॉन्फ्रेंस देखें
- यौन शोषण से रिकवर कर रहे बच्चों के लिए अधिक सहायता

मीडिया पूछताछ

Ashli Barrett (एशली बैरेट)

587-545-8821
प्रेस सचिव, बाल एवं परिवार सेवाएं